2021 में शुरू हुआ आज़ादी का अमृत महोत्सव देश की जनता को समर्पित भारत सरकार की एक पहल है, जिसके माध्यम से भारत की स्वतंत्रता के स्वर्णिम 75 वर्षों का जश्न मनाने के साथ-साथ देश के गौरवशाली अतीत को भी याद किया जा रहा है। हमारी आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से ठीक 75 सप्ताह पहले शुरू हुआ यह महोत्सव 15 अगस्त 2023 तक निरंतर जारी रहेगा।

इस राष्ट्रव्यापी समारोह में सम्मिलित होते हुए
डाक विभाग द्वारा
एक राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी
अमृतपेक्स 2023
का आयोजन किया जा रहा है।

अमृतपेक्स

यह पांच दिवसीय प्रदर्शनी
11 से 15 फरवरी, 2023
तक
प्रगति मैदान
के
हॉल नंबर 2, नई दिल्ली
में आयोजित की जाएगी।

50,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में 1400 डाक-टिकट फ्रेम के साथ अन्य डिजिटल प्रदर्शनियों और फिलाटेलिक वस्तुओं की बिक्री के लिए लगाए गए 50 से अधिक डीलर बूथों से लैस यह प्रदर्शनी डाक टिकटों और चित्र संग्रहों के माध्यम से भारत के इतिहास, संस्कृति, कला और विरासत पर प्रकाश डालेगी। इसमें एक प्रतियोगिता खंड भी होगा, जहां पुरस्कृत प्रतिभागियों को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिलाटेलिक प्रदर्शनियों में भाग लेने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा।

रोमांच से भरे अमृतपेक्स-2023 में ऐसे ही कई और आकर्षण देखने को मिलेंगे! वॉल ऑफ स्टैम्प, कलाकारों और चित्रकारों द्वारा लाइव पेंटिंग, क्यूरेटेड और गाइडेड टूर और टाइम कैप्सूल ऐसे ही कुछ खास आकर्षण हैं, जो इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

यहां दर्शकों को वर्चुअल रियलिटी रूम, डिजिटल चरखा जैसी डिजिटल गतिविधियों, डिजिटल पोस्टकार्ड, क्विज़, स्टैम्प डिजाइनिंग के लिए कियोस्क, ड्रोन गतिविधियों, सेल्फी पॉइंट और फिलैटली चलचित्र जैसी बहुत सी गतिविधियों का अनुभव करने का अवसर भी मिलेगा।

ऐसी ही ढेरों अन्य गतिविधियों से सजा प्रगति मैदान का हॉल नंबर- 2 निश्चित ही 11 से 15 फरवरी, 2023 के बीच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक होगा।

अमृतपेक्स- 2023 निम्नलिखित विषयों पर केंद्रित होगा :

1 | आज़ादी का अमृत महोत्सव और नया भारत

भारत के गुमनाम नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों का जीवंत वृतान्त

इस भाग में हमारे स्वतंत्रता संग्राम के विस्तृत इतिहास की अदम्य साहसी एवं बलिदानी शख़्सियतों के साथ-साथ मील का पत्थर साबित हुई अहम घटनाओं की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। इसके माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली युग में झांकने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

2 | युवा शक्ति

युवा शक्ति द्वारा राष्ट्र निर्माण का जश्न

यह भाग उन युवाओं पर केंद्रित है, जो हमारे देश के भविष्य का निर्माण करेंगे। यह प्रदर्शनी आज के युवाओं के उद्यम और आने वाले कल के नायकों पर प्रकाश डालेगी।

3 | नारी शक्ति : उपलब्धियां @75

नारी सशक्तिकरण के साथ हर वर्ग के लिए न्याय-सम्मान-गौरव और प्रगति के 75 साल

5000 साल की सांस्कृतिक विरासत वाली एक प्राचीन सभ्यता और 75 वर्ष के एक स्वतंत्र आधुनिक राष्ट्र के रूप में भारत और उसके नागरिकों ने एक लंबा सफर तय किया है, खासकर महिलाओं ने। शक्ति के रूप में पूजी जाने वाली महिलाओं पर आधारित इस भाग में भारतीय महिलाओं की सामूहिक एवं व्यक्तिगत उपलब्धियों और उनके द्वारा हासिल मील के पत्थरों को दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालेगी।

4 | प्रकृति और वन्य जीवन

भारत के समृद्ध प्राकृतिक और वन्य जीवन का जश्न

पहाड़ों से लेकर रेगिस्तान और झीलों व नदियों से लेकर जंगलों तक, भारत को एक विविध और अनूठी प्राकृतिक छटा का वरदान मिला है। इस भाग में भारत की समृद्ध प्राकृतिक विविधता और भरे-पूरे वन्य जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा।

अनेकता में भारत की एकता का जश्न

अमृत काल की यह घड़ी हमारे गौरवशाली इतिहास को याद करने का भी समय है। 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत वाली अद्वितीय सभ्यता होने के साथ भारत 75 वर्ष का एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और आधुनिक राष्ट्र भी है। आज के 'भारत' की नींव कई सदियों के संघर्ष एवं उपलब्धियों पर टिकी है, जहां विभिन्न साम्राज्यों, संस्कृतियों और व्यावसायिक गतिविधियों के एक साथ जुड़ने से भारत देश की संकल्पना का निर्माण हुआ है।

इस भाग में भारत की सांस्कृतिक विरासत और हमारे इतिहास की ऐसी अनूठी मिसालों को प्रदर्शित किया जाएगा, जो दुनिया को भारत की अद्वितीय भेंट मानी जाती हैं।

फिलैटली के बारे में

फिलैटली यानि डाक टिकटों का संग्रह बनाने की कला को बादशाहों का शगल (शौक) और हर शगल का बादशाह कहा जा सकता है। यह एक ऐसा माध्यम है जो हमें इतिहास, संस्कृति, कला और प्रकृति जैसे विषयों को एक अलग नजरिए से समझने का मौका देता है। इसके जरिए मानव सभ्यता की नायाब उपलब्धियों को भी जाना-समझा जा सकता है। आधुनिक दौर में जब हमारे जीवन पर इंटरनेट और मोबाइल फोन की पकड़ मज़बूत होने लगी, तो कुछ समय के लिए डाक टिकट इकट्ठे करने का शौक महज़ गिने-चुने लोगों तक ही सिमटकर रह गया था। लेकिन आज उसी इंटरनेट के माध्यम से डाक टिकट जुटाने का यह शगल एक बार फिर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आज दुनिया भर में बहुत से ऑनलाइन डाक टिकट बाजार, जिन्हें फिलाटेलिक मार्केटप्लेस भी बोला जाता है, मौजूद हैं और इसके चलते डाक टिकट इकट्ठा करने वालों के लिए इस शौक से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लेना भी आसान हो गया है।

इस ज़िंदादिल शौक को बरकरार रखने के लिए डाक विभाग एक विशेष डाक टिकट प्रचार कार्यक्रम (फिलैटली प्रमोशन प्रोग्राम) का संचालन भी करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से डाक विभाग जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर डाक टिकट संग्रहों की प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को अपनी समाजिक-वैज्ञानिक-आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और प्रसिद्ध हस्तियों के बारे में शिक्षित करना और फिलैटली के शौक को प्रोत्साहित करना है।

डाक विभाग के अंतर्गत आयोजित अमृतपेक्स 2023 का मूल उद्देश्य एक पूरी नई पीढ़ी को डाक टिकटों के संग्रह की जादुई दुनिया से अवगत कराना है। 1400 डाक-टिकट फ्रेम और 50 डीलर बूथ के अलावा इस प्रदर्शनी में बच्चों और युवाओं के लिए डिजिटल प्रदर्शनियां और कई अन्य मज़ेदार गतिविधियाँ भी शामिल होंगी। अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने और कार्यक्रम को सुगम बनाने के लिए प्रतिभागियों और डीलरों के लिए दूरस्थ पंजीकरण की योजना बनाई गई है। जो लोग डिजिटल माध्यमों से अवगत हैं, उनके लिए प्रदर्शनी से जुड़ी एक वेबसाइट भी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

डाक विभाग के बारे में

165 से भी अधिक वर्षों से डाक विभाग देश की संचार व्यवस्था की रीढ़ रहा है। इसने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बहुधा तरीकों से भारतीय नागरिकों के रोज़मर्रा के जीवन से जुड़ा हुआ है: डाक पहुंचाना, छोटी बचत योजनाओं के तहत धन जमा करना, डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) के तहत जीवन सुरक्षा कवर प्रदान करना और बिल जमा करने से लेकर फ़ॉर्म की बिक्री जैसी खुदरा सेवाएं देना। 1,56,434 डाकघरों वाला भारतीय डाक विभाग वर्तमान में दुनिया की सबसे व्यापक रूप से वितरित डाक संरचना है।

O/o मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, दिल्ली सर्कल
चौथी मंजिल, मेघदूत भवन, नई दिल्ली - 110001
फोन नंबर: 011-23548307
ई-मेल: amritpex2023@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारतीय डाक
India Post

अमृतपेक्स 2023

राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी
हॉल नंबर- 2, प्रगति मैदान, नई दिल्ली
11 से 15 फरवरी, 2023